गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 240, पृष्ठ 12)
आषाढ़, गुरु पूर्णिमा संवत् 2083
बुधवार, 29 जुलाई 2026
कीमत: 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... सावन में कावड़ यात्रियों को हर 15-20 ...

खेल... राष्ट्रमण्डल खेलों में भारत को शर्मिला ने दिलाया...

व्यापार... दिल्ली उच्च न्यायालय ने पेटीएम भुगतान...

देश-विदेश... ट्रम्प से मुलाकात के लिए अमेरिका पहुंचे ...

विपक्ष व सत्ता पक्ष के बीच नोकझोंक

पेपर लीक संशोधन बिल पर चर्चा

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: लोकसभा में पेपर लीक से जुड़े 'पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 मंगलवार को पास नहीं हो सका। दोपहर 2 बजे से रात 11 बजे तक लगातार 9 घंटे बिल पर चर्चा हुई। अभी भी कई सांसदों का बोलना बाकी है। रात 11 बजे स्पीकर लोकसभा स्थगित कर दी। अब बिल पर बुधवार को लोकसभा में फिर चर्चा होगी। बिल राज्यसभा में भी पेश होगा। विधेयक पर चर्चा की शुरुआत केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में बने कानून में प्रस्तावित संशोधन से प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने में सहायता मिलेगी। चर्चा के दौरान सांसद प्रियंका गांधी की शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी पर की गई टिप्पणी को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

प्रह्लाद जोशी पर प्रियंका गांधी ने की टिप्पणी सत्ता पक्ष ने माफी की मांग उठाई

प्रह्लाद जोशी पर प्रियंका गांधी की टिप्पणी का सत्ता पक्ष के सदस्यों ने इसका कड़ा विरोध किया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, निशिकांत दुबे और प्रह्लाद जोशी ने प्रियंका गांधी से अपने आरोपों के समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत करने और सदन से माफी मांगने की मांग की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हस्तक्षेप करते हुए प्रियंका गांधी से कहा कि सदन में बिना तथ्यों के इस प्रकार की बातें नहीं कही जानी चाहिए। इस पर प्रियंका गांधी ने जवाब दिया कि प्रह्लाद जोशी द्वारा बिलकिस बानो प्रकरण के दोषियों की रिहाई को लेकर दिए गए कथित बयान का प्रमाण वह उपलब्ध करा देंगी। इसके बाद कांग्रेस के के. सी. वेणुगोपाल ने कहा कि चर्चा के दौरान इंदिरा गांधी का नाम लिया गया है और उसे कार्यवाही से हटाया नहीं जाना चाहिए। इस पर निशिकांत दुबे ने कहा कि उन्होंने जवाहरलाल नेहरू का नाम लिया था और आज भी अपने बयान पर कायम हैं।

मैं प्रियंका से कहूंगा कि बिना तथ्यों के इस तरह की बातें सदन में न करें। विधेयक पर 6 घंटे चर्चा का समय तय था जो 8 घंटे किया गया।
ओम बिरला, *लोस अध्यक्ष*

प्रियंका ने शिक्षा मंत्री पर जो टिप्पणी की वह चरित्र हनन है। इस तरह की भाषा का इस्तेमाल न करें। उन्हें जिम्मेदारी के साथ बोलना चाहिए। ...
किरेन रिजिजू, *केंद्रीय मंत्री*

पीएम मोदी को अपने सलाहकार बदलने चाहिए, नई कमेटी बनाने से कुछ नहीं होगा। नई कमेटी में तो एक गोमूत्र विशेषज्ञ भी हैं।
प्रियंका गांधी, *कांग्रेस सांसद*

प्रियंका जी को अपने बयानों का सबूत देना चाहिए। इस संबंध में कार्रवाई की जानी चाहिए। क्या कोई कुछ भी कह सकता है और इससे बच सकता है?
प्रह्लाद जोशी, *शिक्षा मंत्री*

निशातपुरा बना राजधानी का चौथा रेलवे स्टेशन, ट्रेनों का स्टापेज शुरू

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मालवा एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी, दो ट्रेनों के ठहराव की शुरुआत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: करीब तीन वर्ष पहले तैयार होने के बावजूद संचालन की प्रतीक्षा कर रहे निशातपुरा रेलवे स्टेशन का मंगलवार को औपचारिक शुभारंभ हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां से मालवा एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्टेशन पर उसके नियमित ठहराव की शुरुआत कराई। इसके साथ ही जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस के नए ठहराव का भी शुभारंभ किया गया। इस पहल के साथ निशातपुरा भोपाल का चौथा रेलवे स्टेशन बन गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली से उज्जैन और इंदौर की ओर जाने वाली रेलगाड़ियों को अब इंजन या रेलपथ बदलने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे संचालन अधिक सुगम होगा। उन्होंने कहा कि मालवा एक्सप्रेस का वैष्णो देवी और सोमनाथ एक्सप्रेस का सोमनाथ धाम से सीधा संपर्क होने के कारण निशातपुरा स्टेशन का महत्व और बढ़ गया है। भविष्य में सिंहस्थ सहित बढ़ने वाले यात्री दबाव को देखते हुए यह स्टेशन मुख्य भोपाल रेलवे स्टेशन का भार कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से विकसित यह स्टेशन केवल रेलवे सुविधा नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास का नया केंद्र बनेगा। इससे आसपास के क्षेत्रों की संपर्क व्यवस्था बेहतर होगी और व्यापार, रोजगार तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद मध्यप्रदेश में लगभग 2,800 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाई गई है तथा प्रदेश का संपूर्ण रेल नेटवर्क विद्युतीकृत हो चुका है।

खास-खबरें

प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी : सीजेपी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: कॉकरोच जनता पार्टी ने दावा किया है कि आंदोलन में शामिल सभी प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध दर्ज प्रकरण वापस लिए जाएंगे। पार्टी के प्रवक्ताओं सौरव दास और रत्ना सिंह ने देर रात जारी वीडियो में कहा कि सरकार के प्रतिनिधियों से हुई बातचीत के दौरान उन्हें इस संबंध में आश्वासन दिया गया है। उनके अनुसार, बिहार सरकार के गृह विभाग की विज्ञप्ति में भी प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध दर्ज प्रकरण वापस लेने तथा भविष्य में उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने की बात कही गई है। उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अलग से अधिसूचना जारी की जाएगी।

महाकाल अन्नक्षेत्र में अब मिलेगा दक्षिण भारतीय प्रसाद

नईदुनिया ब्यूरो, उज्जैन: महाकाल मंदिर के अन्नक्षेत्र में मंगलवार से दक्षिण भारतीय प्रसाद परोसने की शुरुआत कर दी गई है। मंदिर प्रशासन के अनुसार अब प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में दक्षिण भारतीय व्यंजन उपलब्ध कराए जाएंगे। सावन माह के दौरान अन्नक्षेत्र में फलाहारी भोजन भी परोसा जाएगा। मंदिर प्रशासन का दावा है कि मध्य प्रदेश में किसी मंदिर के अन्नक्षेत्र में इस प्रकार की व्यवस्था पहली बार शुरू की गई है। यह निर्णय विविधता में एकता को ध्यान में रखकर लिया गया है। उप प्रशासक सिम्मी यादव ने बताया कि मंगलवार को सांभर, इडली, भाप में पके चावल, मौसमी सब्जी और पोंगल, जबकि शुक्रवार को पुलिहरा, पायसम, रसम, भाप में पके चावल तथा मौसमी सब्जी श्रद्धालुओं को परोसी जाएगी।

मेटा ने प्रधानमंत्री का वीडियो हटने के बाद फिर किया बहाल

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: मेटा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फेसबुक से हटाया गया वीडियो दोबारा बहाल कर दिया है। कंपनी ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि तकनीकी गड़बड़ी के कारण वीडियो अनजाने में मंच से हट गया था। कंपनी के अनुसार, समस्या का समाधान होने के बाद वीडियो फिर से उपलब्ध करा दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह वीडियो 23 जुलाई को साझा किया था। इसमें उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए परीक्षा प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं को गंभीर विषय बताया था। उन्होंने कहा था कि ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए विशेष न्यायालयों के गठन की दिशा में भी कदम उठाए जाएंगे। वीडियो में विद्यार्थियों का विश्वास बनाए रखने और परीक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने पर भी बल दिया गया था।

वीडियो कुछ समय के लिए फेसबुक पर दिखाई नहीं देने के बाद इस पर विभिन्न स्तरों पर सवाल उठने लगे थे। इसके बाद मेटा ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि यह किसी नीतिगत निर्णय का परिणाम नहीं था, बल्कि तकनीकी गड़बड़ी के कारण ऐसा हुआ। कंपनी ने समस्या दूर होने के बाद वीडियो को पुन: बहाल कर दिया।

नाबालिग प्रदर्शनकारियों को तुरंत रिहा करें: सर्वोच्च न्यायालय

शांतिपूर्ण प्रदर्शन को बताया संवैधानिक अधिकार, अधिक बल प्रयोग के आरोपों की होगी स्वतंत्र जांच

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: सर्वोच्च न्यायालय ने छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि जिन 18 वर्ष से कम आयु के प्रदर्शनकारियों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, उन्हें तत्काल रिहा किया जाए।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया पूरे मामले में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की आवश्यकता प्रतीत होती है। न्यायालय ने कहा कि पुलिस द्वारा आवश्यकता से अधिक बल प्रयोग किए जाने के आरोपों की कानून के अनुसार जांच कर जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही वर्ष 2018 में जारी पुलिस कार्रवाई संबंधी दिशा-निर्देशों की वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप समीक्षा की आवश्यकता भी जताई।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता तुषार मेहता ने कहा कि छात्रों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई आवश्यक है।

उन्होंने न्यायालय को बताया कि आंदोलन के दौरान 250 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इस पर न्यायालय ने कहा कि स्वतंत्र जांच से प्रदर्शनकारियों और पुलिस, दोनों पक्षों के आरोपों की निष्पक्ष पड़ताल संभव होगी।

न्यायालय ने प्रदर्शन से जुड़े सभी दृश्य साक्ष्यों, जिनमें बंद परिपथ कैमरे, ड्रोन, शरीर पर लगाए जाने वाले कैमरे तथा अन्य डिजिटल साक्ष्य शामिल हैं, उन्हें सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही दिल्ली सहित आठ राज्यों से जवाब भी मांगा गया है। न्यायालय ने यह भी कहा कि जिन लोगों के विरुद्ध पहले कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है, उनके खिलाफ फिलहाल कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 3 अगस्त को होगी।

आठ वरिष्ठ आईएएस के तबादले

दिनेश जैन को खाद्य विभाग में मिली बड़ी जिम्मेदारी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: राज्य सरकार ने मंगलवार को आठ भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए। संशोधित आदेश के तहत शहडोल, छतरपुर और बालाघाट जिलों में नए कलेक्टर नियुक्त किए गए हैं। साथ ही खाद्य, तकनीकी शिक्षा और सामान्य प्रशासन विभाग सहित कई विभागों में भी अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदली गई हैं। संशोधित आदेश के अनुसार मिशा सिंह को अपर आयुक्त, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, भोपाल में पदस्थ किया गया है। पार्थ जायसवाल को छतरपुर से शहडोल का कलेक्टर बनाया गया है। मृणाल मीणा को बालाघाट से छतरपुर तथा कुमार सत्यम को बालाघाट का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। अदिति गर्ग को मंदसौर कलेक्टर पद से हटाकर मध्य प्रदेश कौशल विकास परियोजना का परियोजना संचालक तथा राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड का मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाया गया है। दिनेश जैन को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। गिरीश शर्मा को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग में अपर सचिव बनाया गया है। अंकित अस्थाना को सामान्य प्रशासन विभाग का उप सचिव नियुक्त करते हुए कर्मचारी चयन मंडल के संचालक का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। स्वरोचिष सोमवंशी को राज्य योजना आयोग के सचिव तथा अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

इंदौर के सारांश जैन को भारतीय क्रिकेट में स्थान

नईदुनिया ब्यूरो, इंदौर: भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने श्रीलंका के खिलाफ 15 अगस्त से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में इंदौर के 33 वर्षीय हरफनमौला स्पिन खिलाड़ी सारांश जैन को पहली बार स्थान मिला है। घरेलू क्रिकेट में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर सारांश जैन ने चयनकर्ताओं का विश्वास हासिल किया है। वे लंबे समय से मध्यप्रदेश क्रिकेट के भरोसेमंद खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। हाल ही में श्रीलंका दौरे पर भारत-ए की ओर से खेले गए दूसरे चार दिवसीय मुकाबले में उन्होंने नाबाद 70 रन बनाए और छह विकेट लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सारांश जैन ने 54 मैचों में 2,223 रन बनाने के साथ 188 विकेट भी अपने नाम किए हैं। उनके पिता भी रणजी क्रिकेट खेल चुके हैं।

सीजेपी प्रदर्शन में हत्या के 101 आरोपी

तकनीकी पहचान के आधार पर आपराधिक रिकॉर्ड का विश्लेषण

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि कॉकरोच जनता पार्टी के 20 जुलाई को आयोजित प्रदर्शन में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। प्रदर्शन में शामिल 2,873 लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड मिला, जिनमें 989 लोगों पर गंभीर अपराधों के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने यह भी दावा किया कि इनमें हत्या के 101 आरोपी भी शामिल थे। पुलिस के अनुसार, इन लोगों की पहचान मुखाकृति पहचान प्रणाली तथा अन्य तकनीकी माध्यमों से की गई। दावा किया गया है कि प्रदर्शन में शामिल कुछ लोगों पर हत्या, लैंगिक

अपराध, बाल संरक्षण कानून से जुड़े अपराध, लूट सहित अन्य गंभीर प्रकरण दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कि कॉकरोच जनता पार्टी ने 20 जुलाई को संसद मार्च का आयोजन किया था।

अमरनाथ यात्रा से लौट रही बस खाई में गिरी, 40 श्रद्धालु घायल, दो की हालत गंभीर

नईदुनिया ब्यूरो, श्रीनगर: *जम्मू-कश्मीर के बालटाल से श्रीनगर जा रही मंदसौर की एक बस मंगलवार सुबह गांदरबल जिले के रंगा मोड़ के पास लगभग 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में बस में सवार मध्य प्रदेश और राजस्थान के 40 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। सभी श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा पूरी करने के बाद वैष्णो देवी दर्शन के लिए जा रहे थे। स्थानीय लोगों और राहत-बचाव दल ने यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर पहले कंगन उप जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों को श्रीनगर के सौरा अस्पताल भेज दिया गया।*

जापान में 6.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप, सैकड़ों लोग मलबे में फँसे

टोक्यो, एजेंसी: जापान के दक्षिणी कुमामोटो प्रांत में मंगलवार को 6.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। तेज झटकों के बाद काशिमा शहर स्थित एक व्यापारिक परिसर की दूसरी मंजिल ढह गई, जिससे सैकड़ों लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कई लोग घायल हुए हैं।

जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजकर 27 मिनट पर आया। इसका केंद्र धरती की सतह से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के तुरंत बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन लगभग एक घंटे बाद इसे वापस ले लिया गया।

प्रशासन ने एहतियात के तौर पर क्यूशू द्वीप के 1.5 लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में जाने के निर्देश दिए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य तेजी से जारी है।

अभियान *मोहन का जन-विश्वास अभियान 7 अगस्त से...*

नौकरशाह प्रति शुक्रवार होंगे जनता से रुबरु

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: राज्य सरकार 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान चलाएगी। अभियान का उद्देश्य प्रशासन को जनता के बीच ले जाकर शिकायतों का त्वरित समाधान, योजनाओं की जमीनी स्थिति का आकलन तथा प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ाना है। अभियान के तहत हर शुक्रवार केवल फील्ड भ्रमण होगा। इस दिन किसी भी स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित नहीं की जाएंगी। भोपाल से लेकर संभाग और जिले तक के वरिष्ठ अधिकारी गांवों और शहरों में पहुंचकर आमजन से सीधे

संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

जिला कलेक्टर एक सप्ताह पहले भ्रमण क्षेत्र तय करेंगे और उसी क्षेत्र की सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, लोक सेवा गारंटी, नामांतरण, सीमांकन व अन्य लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उनका शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करेंगे। भ्रमण के दौरान प्राप्त शिकायतों का भी मौके पर समाधान किया जाएगा।

अभियान में जन संवाद और उद्योग संवाद आयोजित होंगे, जिनमें बड़े, एमएसएमई और कुटीर उद्योगों की समस्याओं का भी तत्काल निराकरण किया जाएगा। साथ ही आयुष्मान कार्ड, फार्मर आईडी, प्रधानमंत्री आवास, जल जीवन मिशन, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल-कॉलेज, राशन दुकान, खाद-बीज उपलब्धता, कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित 20 प्रमुख विषयों की जमीनी समीक्षा की जाएगी।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि अभियान सादगी और मितव्ययिता के साथ संचालित होगा। अनावश्यक खर्च, सजावट और अतिरिक्त वाहनों से परहेज किया जाएगा तथा उपलब्ध शासकीय अधोसंरचना का ही उपयोग किया जाएगा। अभियान की नियमित समीक्षा मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव स्तर पर की जाएगी।

एक नजर में

- 7 अगस्त से 8 जनवरी तक चलेगा अभियान।
- हर शुक्रवार अधिकारी करेंगे फील्ड दौरा।
- जनता से सीधा संवाद, मौके पर समाधान।
- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व जनसुनवाई की शिकायतों पर फोकस।
- स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन, जल, किसान सहित 20 विषयों की समीक्षा।
- मुख्यमंत्री स्वयं अभियान की करेंगे निगरानी।